वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)
V.B.S. Purvanchal University, Jaunpur-222003 (U.P.)

दिनांक: 23-06-2016

सेवामें

समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष (वि० वि० परिसर)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

विषय: रिमेडियल कोचिंग के अन्तर्गत कक्षाएं आयोजित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय के साथ दिनांक: 09-06-2016 को सम्पन्न वार्ता एवं निर्देश के अनुपालन में ऐसे सभी छात्र/छात्राएं जिनका **सम (Even) सेमेस्टर** का परीक्षा परिणाम 70% उपस्थिति न होने के कारण रुक गया है, के सन्दर्भ में सूच्य हो कि कृपया **ऐसे छात्र/छात्राओं की सूची, विषय/पेपर का नाम तथा अध्यापक का नाम** यथाशीघ्र अथवा विलम्बतम दिनांक **30-06-2016** तक अवश्य अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे कि इनके लिए रिमेडियल कोचिंग के अन्तर्गत दिनांक **16-07-2016** से दिनांक **21-07-2016** के बीच विशेष कक्षाएं आयोजित कर उनकी उपस्थिति पूर्ण करायी जा सके। कृपया उपरोक्त सूचना से छात्र/छात्राओं को भी अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें। सभी कक्षाएं प्रातः 7:00 से 10:00 बजे एवं सायं 4:00 से 6:00 बजे के बीच इन्जानियरिंग संकाय में आयोजित होंगी। **दिनांक 22-07-2016 के बाद ऐसे छात्र/छात्राओं के लिए कक्षाएं आयोजित कर पाना सम्भव नहीं होगा।** प्रकरण पर आप सभी का विशेष सहयोग अपेक्षित है।

डा० (सन्तोष कुमार)
समन्वयक
यू०जी०सी० अनुदानित कोचिंग

प्रतिलिपि:

1. निजी सचिव-कुलपति, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी महोदय के सूचन्नार्थ।
3. कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. श्री संजीव गंगवार को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना एवं छात्रों के लिए प्रसारित सूचना(संलग्न) को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(डा० सन्तोष कुमार)
समन्वयक
यू०जी०सी० अनुदानित कोचिंग